## खास-खबरें

### नहरों में अवरोध उत्पन्न कर पंप से पानी खींचने पर कार्यवाही

**विदिशा ( निप्र )।** किसानो को पलेवा व सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, विषेष रूप से दूरस्थ ऊंचे-ऊंचे क्षेत्रों टेल में नहरों से पानी पहुंचे के लिए जलसंसाधन विभाग द्वारा पहल की जा रही है। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भंडारी ने बताया कि राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों के संयुक्त समंवय से अनाधिकृत रूप से नहरों से पम्प लगाकर पानी ले जाने वालों तथा नहरों के मार्गो में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत छात्रावासों में विविध कार्यक्रम संपन्न

**विदिशा ( निप्र )।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती (वर्षगांठ) पर आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भी प्रारंभ किया है। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारुल जैन ने बताया कि अभियान अंतर्गत 26 नवम्बर तक विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान का प्रचार-प्रसार जिले में संचालित समस्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय छात्रावासों के छात्र, छात्राओं द्वारा किया गया है। इसके अंतर्गत 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक विभागीय छात्रावासों एंव आश्रम शालाओं में नुक्कड नाटक, निबंध लेखन प्रतियोगिता, जगरूकता रैली, दीवार लेखन, पेटिंग प्रतियोगिता, दीप प्रज्जवलन रंगोली कार्यक्रम संपन्न हुए।

### बलात्कारी को 10 वर्ष का कारावास एवं 20 हजार रू. अर्थदण्ड

**विदिशा ( निप्र )।** प्रदीप दुबे द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने थाना गुलाबगंज के घटित बलात्कार के अपराध में के अपराधी को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रू. के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अभियोजन के अनुसार दिनांक 21.11.2021 को पीड़िता ने थाना गुलाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 20.08.2020 की रात करीब 8:00 बजे पीड़िता बरेठ रोड से अपने घर जा रही थी, तभी पीड़िता का (जीजा) मिला और कहा कि तुम्हारी दीदी से मेरा विवाद चल रहा है। तुम घर पर चलो। वहाँ आरोपी ने शीतल पेय पिलाया जिसे पीने के बाद पीड़िता बेहोष हो गई और उसके बाद अपराधी (जीजा) पीड़िता को उठाकर गुलाबगंज ले गया और वहां अपराधी के घर पर पीड़िता के साथ बलात्कार किया और पीड़िता की गंदी फोटो निकालकर, पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक शोषण किया।

### रामभक्तों को जलाया था जिंदा, गोधराकांड को भूलना नहीं चाहिएः सुदेश राय

**सीहोर।** गुरुवार को लिसा टॉकीज मल्टीप्लेक्स में विधायक सुदेश राय ने भाजपा पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं को गोधरा कांड की सच्चाई पर बनी फिल्म साबरमती रिपोर्ट दिखाई। इस दौरान विधायक सुदेश राय के साथ अरुणा राय भी रही उन्होंने महिलाओं को फिल्म देखने के लिए प्रेरित किया।

विधायक सुदेश राय ने फिल्म देखने के बाद कहां की अयोध्या से वापस लौट रहे रामभक्तों को गोधरा स्टेशन पर आतंकियों ने जिंदा जला दिया था, गोधरा कांड पर बनी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म सभी को जागरूकता के लिए देखना चाहिए,उन्होने कहा की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नागरिकों की सहुलियत के लिए फिल्म को प्रदेश में टैक्स फ्र ी कर दिया है। उक्त फिल्म नागरिकों की मांग पर शहर के लीसा मल्टीप्लेक्स में लगाई गई है। विधायक सुदेश राय ने कहा की फिल्म को देखने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा की है अतीत की घटनाओं को तथ्यपरक रूप से फिल्म में प्रस्तुत किया गया है।

# महाकाल दर्शन कर टी राजा ने कहा, भारत जल्द हिंदू राष्ट्र बनेगा

**उज्जैन। तेलंगाना हैदराबाद से विधायक टी राजा ने गुरुवार को भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करने के साथ ही हिंदू राष्ट्र बनाने की बात भी कही।**

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि तेलंगाना हैदराबाद से विधायक टी राजा गुरुवार को महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा की। पत्रकारों के सवालों के जवाब में

टी राजा ने कहा कि बागेश्वर धाम



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और देवकीनंदन ठाकुर हिंदू राष्ट्र की कामना को लेकर भव्य यात्रा निकाल रहे हैं। उनकी यात्रा में आने वाले लोगों को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज कितने लोग भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। उनकी इस यात्रा से जन-जन में जागरूकता आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को कभी नहीं मिल सकता है।

हिंदू राष्ट्र को लेकर चाहे कोई कुछ भी कहे, लेकिन मैं आपको बता दूं कि कोई चाहे कुछ भी कहे पर हम कहने में नहीं, करने में विश्वास रखते हैं। हमने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने की बात कही थी और आज यह मंदिर बनकर तैयार है। कश्मीर से धारा 370 हटाई जा चुकी है आप हिंदू राष्ट्र बनाने की बात है तो वह अभी 2029 में बन जाएगा। यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे भगवान महाकाल के दर्शन हुए। मैं हमेशा ही महाकाल से सनातनियों की सुरक्षा की कामना की है। आज के समय में धर्म पर जो संकट आया है उसे दूर करने के लिए मैं महाकाल के दर्शन करने आया हूं। वर्तमान में लव जिहाद, लैंड जिहाद, गौ माता के मांस का एक्सपोर्ट सब कुछ देश में हो रहा है लेकिन फिर भी हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं, कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बाबा महाकाल से यही कामना है कि उनके आशीर्वाद से हिंदू राष्ट्र का सपना पूरा हो जाए।

# अगले 48 घंटों में बदलेगा मौसम, सर्दी बढ़ेगी

## उज्जैन में गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री दर्ज हुआ, और घटेगा

**उज्जैन (निप्र)।**

**देश के उत्तरपूर्वी राज्यों में हो रही बर्फ बारी का असर भोपाल सहित प्रदेश के अन्य शहरों में होने लगा है। अगले दो दिनों में यह असर मालवा में भी नजर आएगा और उज्जैन सहित आसपास के शहरों में तापमान घटने से कड़ाके की सर्दी पड़ेगी।**


वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि प्रदेश में उत्तर भारत की बर्फबारी के असर से ठंड बढने् लगी है। राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। इससे आने वाले दिनों में ठंड और ज्यादा बढने् की संभावना है। मौसम विभाग ने ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढने् की चेतावनी दी है।

### न्यूनतम तापमान में घटत-बढ़त जारी

*प्रदेश के पंचमढ़ी और मंडला जैसे इलाकों में ठंड का प्रभाव सबसे 'यादा है। हाल ही में पंचमढ़ी का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम है। वहीं, मंडला में पारा 7.6 डिग्री तक गिर गया। भोपाल में 9.8 डिग्री, राजगढ़ में 9.6 डिग्री, नौगांव में 9.3 डिग्री और उमरिया में 9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जबकि उज्जैन में एक दिन पहले बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री था। जो गुरुवार को बढ़कर 12.2 डिग्री रिकार्ड हुआ। दरअसल, उत्तर भारत में बर्फबारी के कारण ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। मौसम विभाग ने तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है।*

इसके साथ ही कई इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना भी जताई गई है। वहीं 29 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। उन्होंने बताया कि दो दिन बाद शनिवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जिससे ठंड और बढ़ेगी। खासकर मंडला और पचमढ़ी में ठंड का असर ज्यादा है। वहीं उज्जैन में भी कड़ाके की सर्दी गिर सकती है। मौसम विभाग ने कोहरा छाने की भी संभावना जताई है और ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ने का अलर्ट जारी किया है।

# सगड नहर से खेतों तक पानी पहुंचना शुरू



**गंज बासौदा (निप्र)**

बासौदा से 20 किलोमीटर दूर सिरोंज रोड पर बावड़ी स्टॉप के समक्ष एक हफ्ते पूर्व 6,7 गांव के किसानों ने बड़े स्तर पर प्रदर्शन कर घंटों चक्का जाम किया था वजह यह थी कि उन किसानों को खेती के लिए सगड नहर से पानी नहीं मिल रहा था किसानों की बौअनी लेट हो रही थी पलेवा नहीं हो पा रहा था इसलिए किसान चिंतित था चक्का जाम के दौरान प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया था कि शीघ्र नहर का पानी टेल एरिया तक पहुंचेगा और मंगलवार को पानी पहुंचा किसानों की इस मुहिम पर प्रशासन ने जागरूकता दिखाते हुए सगड नहर के पानी को उन तमाम गांव के खेतों तक पहुंचा जिनके किसान पानी के लिए प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर रहे थे खास तौर पर आसट वर्री कर?ईया हरगनाखेड़ी आदि यह गांव है जिन गांवों में नहर का पानी नहीं पहुंचा था लेकिन अब प्रशासन की सक्रियता के चलते पानी पहुंच गया है।

# शिप्रा में अभी भी मिल रहा कान्ह नदी का दूषित पानी

## इंदौर व देवास के उद्योगों से निकले हानिकारक कैमिकल शिप्रा तक पहुंच रहे

**उज्जैन (निप्र)।**

इंदौर की प्रदूषित कान्ह नदी का पानी उज्जैन आकर शिप्रा नदी में मिल रहा है। फिलहाल ये मिलन रोकने को कोई प्रबंध नहीं है। सिंहस्थ 2016 में 95 करोड़ रुपये खर्च कर डाली गई कान्ह डायवर्सन लाइन का प्लान भी सफल न हो सका।

वर्षों से इंदौर की कान्ह नदी के कारण दूषित हो रही शिप्रा नदी के शुद्धिकरण के लिए अब 919 करोड़ रुपये की दूसरी योजना पर काम चल रहा है, जो 2027 में पूरी होगी। यानी तब तक शिप्रा में गंदा पानी मिलता रहेगा। मालूम हो कि देश के सबसे स्वच्छ पड़ोसी शहर इंदौर का सीवेज युक्त पानी कान्ह नदी के रूप में उज्जैन आकर शिप्रा नदी में मिलता है। इससे शिप्रा का स्वच्छ जल भी प्रदूषित होता है। इसे मिलने से रोकने हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 में 95 करोड़ रुपये खर्च कर कान्ह का रास्ता पाइपलाइन के माध्यम से बदलने का काम किया था। योजना स्वरूप नहान क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए पिपल्याराघौ से कालियादेह महल के आगे तक भूमिगत पाइपलाइन बिछाई थी। योजना को बनाते समय दूरदर्शी दृष्टिकोण न अपनाया और नतीजा ये निकला कि परियोजना पूरी होने के बाद भी शिप्रा के नहान क्षेत्र में भी प्रदूषित पानी नहीं मिलता रहा और अब भी मिल रहा है। इधर, उज्जैन शहर में 438 करोड़ रुपये की भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का काम भी समय-सीमा गुजरने के पांच साल बाद भी अधूरा है। इन सब स्थितियों का असर जन भावना और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बहरहाल, अब 919 करोड़ों रुपये की कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का काम शुरू कराया है। योजना अंतर्गत त्रिवेणी घाट के समीप जमालपुरा गांव में स्टापडैम बनाकर कान्ह का पानी रोका जाएगा। यहां से कान्ह का पानी 30.15 किलोमीटर दूर गंभीर नदी पर बने बांध के डाउन स्ट्रीम क्षेत्र के सिंगवाड़ा गांव में प्रवाहित गंभीर नदी में छोड़ा जाएगा। यह पानी सिंगवाड़ा से असलोदा, तुम्बावड़ा, सुर्जखेड़ी, गुधा, रूपाखेड़ी, कनार्वद, सर्वाना उन्हेल होकर बरखेड़ा मदन गांव में मेलेश्वर महादेव मंदिर के समीप शिप्रा नदी में जाकर मिलेगा। परियोजना, का निर्माण वर्ष 2052 के समय की इंदौर, सांवेर की आबादी और 40 क्यूमेक जल उद्वदित क्षमता को ध्यान में रखकर किया है।

## स्वर्ण आभूषण एवं अनेक वस्त्रों के साथ संपन्न हुईं जानकी जू की गोदभराई

**गंजबासौदा।** श्रीराम रसधारा परिवार के तत्वधान में नगर में आयोजित हो रहे भव्य चक्रवर्ती श्रीसीताराम विवाह महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को श्री जानकी जू की गोदभराई रस्म श्री जनक जी की भूमिका में वधु पक्ष का निर्वाहन कर रहे राजकुमार नेमा के निवास पर संपन्न हुईं। गोदभराई रस्म में सोने के आभूषण सहित अनेक वस्त्रों के साथ संपन्न हुईं। मालूम हो कि 6 दिसंबर को नगर में श्री राम विवाह महोत्सव के अंतर्गत भव्य बारात का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। विवाह से पहले होने वाली सभी रस्मों को वैवाहिक परंपराओं के अनुसार संपन्न किया जा रहा है। गुरुवार को जानकी जी की गोद भराई रस्म का आयोजन उमंग,उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

सिरोंज चौराहे से वर पक्ष श्री दशरथ जी स्वरूप ओमप्रकाश नेमा के द्वारा विभिन्न प्रकार की मिठाई, अनेक वस्त्र,किराना एवं कई प्रकार के फल हाथ ठेले का रथ बनाकर सभी सामग्री को उसमें सजा कर चल समारोह के रूप में गाँधी चौक से सदर बाजार होते हुए वधु पक्ष निवास चाचा वाली गली में लाई गई। श्रीराम रसधारा परिवार के संस्थापक पं. अंकुर माधव महाराज एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमति शोभना शर्मा ने अपनी सोने की सम्पूर्ण ज्वेलरी श्रीजानकी जू की गोद भराई में समर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएँ,बहनें, एवं नगर के कई बन्धुगण उपस्थित थे।चक्रवर्ती विवाह की मंगल बेला में 2 दिसम्बर को सिरोंज चौराहे से दशरथ जी स्वरूप ओमप्रकाश नेमा के निवास पर दोपहर 2 बजे श्रीराम जी का भव्य तिलकोत्सव संपन्न होगा।

# पशुपतिनाथ विश्राम गृह की मरम्मत कर बेहतर सुविधा युक्त बनाएंः कलेक्टर

## पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण करें



**मंदसौर । कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य के संबंध में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा को निर्देश दिए।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विश्राम गृह की मरम्मत का कार्य बहुत अच्छे से किया जाए।**

विश्रामगृह में बेहतर सुविधा प्राप्त हो इसको ध्यान में रखते हुए मरम्मत करें। अतिथि ग्रह में यात्रियों की सुविधा हेतु व्यापक जल व्यवस्था, सुलभ जन व्यवस्था, रोड एवं डामरीकरण कार्य, कमरों की रेनोवेशन, वाटर प्रूफिंग कार्य के लिए निर्देशित किया गया। पशुपतिनाथ मंदिर में आने वाले यात्रियों को ठहरने के लिए ज्यादा से ज्यादा बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाए। यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जन सामुदायिक कार्य गुणवत्ता पूर्वक किए जाए। यात्रियों के ठहरने हेतु व्यापक व्यवस्था सिंहस्थ के दृष्टिगत रखते हुए करें। लोक निर्माण एजेंसी पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रविंद्र परमार, पशुपतिनाथ लोक निर्माण एजेंसी, पर्यटन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूदः पं. राघवेन्द्राचार्य

**सीहोर।** शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदन सरकार धाम में श्री गोंदन सरकार हनुमान महाराज की असीम अनुकंपा एवं दिव्य संरक्षण द्वारा बह्मलीन अनंत श्री पंडित महावीर शरण चतुर्वेदी दद्दा की पावन पुण्य स्मृति प्रतिवर्षानुसार संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कथा के चौथे दिन अयोध्याधाम से कथा का श्रवण करने पहुंचे कथा व्यास पंडित राघवेन्द्राचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के संपूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है।



उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म से पहले सूर्यवंश के राजाओं का वर्णन सुनाया। राजा अमरीश, राजा मांधाता, राजा हरिशचंद्र, महाराज सगर, राजा असमंजस, राजा अंशुमान, राजा दलीप, राजा भागीरथ जो गंगा को लाया। गंगा अवतरण के प्रसंग में बताया कि गंगा ने राजा सगर के पुत्रों का उद्धार किया। राजा दलीप के नंदनी गाय की कृप्या से राजा रघु इनका पुत्र अज के राजा दशरथ और महाराजा दशरथ के राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन का जन्म हुआ। बाद में रामचरित्र का वर्णन सुनाया। इन्हीं के साथ भगवान परशुराम का वर्णन सुनाया जिन्होंने पूरी पृथ्वी जीत कर वापस क्षत्रियों को राज सौंप दिया।

कृष्ण जन्म पर कथा व्यास पंडित राघवेन्द्राचार्य महाराज ने बताया कि वसुदेव की पत्नी देवकी के यहां कंस की कारागार में श्रीकृष्ण अवतार हुए जो प्रभु सारे संसार का आधार है। वासुदेव ने देखा एक अद्भुत बालक पैदा हुआ भगवान अनुभव से ही समझ में आते हैं। भगवान आत्मारूप में बुद्धियों को दृष्टा और प्रेरक है। श्रीकृष्ण ने अपना दिव्य रूप दिखाया तथा तुरंत शिशु रूप हो गए। अंधेरी रात्रि को यमुना से निकल कर वासुदेव के द्वारा श्रीकृष्ण को गोकुल में नंद के के यहां पहुंचाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि समस्त गोंदन सरकार भक्त मंडल के तत्वाधान में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कथा का श्रवण किया जाता है। कथा के विश्राम पर यजमान अशोक गोयल और श्रीमती मधु गोयल आदि ने आरती की।

# वारदातों का पता लगाने सीसीटीवी कैमरे कारगर

**गंजबासौदा।** पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज मिश्रा ने विवाह समारोह के आयोजक तथा मैरिज गार्डन, होटल और धर्मशालाओं के संचालकों को आगाह किया है कि वह अपने प्रतिष्ठान में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे उपयोग में लाएं जिससे कि उपस्थित समूह के चित्र ठीक से दिखाई देते रहें क्योंकि विवाह समारोह में असामाजिक तत्व सक्रिय बने रहते हैं और वह चोरी जैसी घटनाओं को कर गुजरते हैं लेकिन कैमरे की नजर से नहीं बच पाएं पुलिस जब छानबीन करती है तो वह कैमरे काफी कारगर साबित होते हैं और वारदात करने वालों को पकड़ने में सहूलियत होती है।

इसके अलावा वहां पर तैनात कर्मचारियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का भी कहा गया इसके अलावा पुलिस ने आयोजनों एवं में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालकों को दो टूक शब्दों में ताकीद किया है कि वह ध्वनि की गति को नियंत्रण आंकड़े के नीचे ही हर हाल में रखें जिससे ध्वनी प्रदूषण न हो और हृदय रोगियों पर विपरीत प्रभाव ना पढ़ सके ऐसे उच्चतम न्यायालय के आदेश हैं प्रशासन भी शीर्ष स्तर पर यह निर्णय ले चुका है कि शोरगुल ध्वनि प्रदूषण पर हर हाल में पाबंदी लगाई जाए देखने में आता है कि डीजे की ध्वनि इतनी तेज होती है कि मकान तक हिलने लगते हैं आसपास से गुजरने वाले व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ जाता है पुलिस ने आगाह किया है कि यदि इस बात का पालन नहीं किया जाता तो कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अपना काम करेगी । एसडीओपी श्री मिश्रा एवं नगर निरीक्षक श्री चौकसे की विशेष उपस्थिति में यह मीटिंग संपन्न हुई और उन्होंने मंसा जाहिर की तथा अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि मोबाइल पर एक ऐप तैयार कर ऐसा ग्रुप बनाया जाए जिसमें पुलिस के अधिकारी तथा बीट प्रभारी के नंबर रहें जिस पर सूचनाएं आती रहें इसके अलावा शादी विवाह एवं अन्य समारोहों की संक्षिप्त सूचना भी उस ऐप पर डाली जावें जिससे पुलिस को आयोजनों की जानकारी भी बनी रहे उपस्थित सदस्यों ने पुलिस को आश्वस्त किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में भरपूर सहयोग करेंगे।